30.1.26_1.09.25 Final.qxd 31-01-2026 08:52 Page 1

31 जनवरी 2025
शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



घर की चारदीवारी में खून : घरेलू कलह ने ली महिला की जान, बचाने गई दो महिलाएं गंभीर

2

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश : 'स्कूलों में मुफ्त मिले सैनेटरी पैड', नहीं तो मान्यता होगी रद्द



**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त में बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी पैड दिए जाएं। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मेंस्ट्रुअल हेल्थ यानी मासिक धर्म स्वास्थ्य के अधिकार के तहत संविधान में दिए गए जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है।स्कूली बच्चियों के स्वास्थ्य से जुड़े आदेश पर अदालत ने कहा है कि अगर सरकारें स्कूली छात्राओं को टॉयलेट और मुफ्त सैनेटरी पैड देने में फेल होती हैं, तो उन्हें भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। वरिष्ठ न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने पर यह आदेश दिया है।

### प्राइवेट स्कूलों को 'सुप्रीम' चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अगर प्राइवेट स्कूल लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग शौचालय और सैनेटरी पैड देने में फेल होते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने कहा, 'मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अगर प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं देने में विफल रहते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।'

### अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने के निर्देश

इसी के साथ अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सभी स्कूलों में दिव्यांगों के लिए अनुकूल शौचालय उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है। वहीं सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूलों में महिला और पुरुष छात्रों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।बता दें कि शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की किशोर छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में केंद्र सरकार की 'स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता नीति' को पूरे भारत में लागू करने की मांग की गई।

## दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात दो दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचे। बंगाल पहुंचते ही उन्होंने भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ एक अनौपचारिक बैठक की। एक वरिष्ठ पार्टी नेता ने बताया कि शाह ने कोर कमेटी के सदस्यों के साथ एक अनौपचारिक बैठक की, जिसमें पश्चिम बंगाल की मौजूदा राजनीतिक स्थिति और चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की गई।यह बैठक करीब एक घंटे तक चली, जिसमें वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव, सुनील बंसल, बिप्लब देब, सामिक भट्टाचार्य, सुकांत मजूमदार और सुवेंदु अधिकारी सहित अन्य लोग शामिल हुए। बैठक में नेताओं से बंगाल की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई, जिसमें नेताओं की भी राय मांगी गई।करिमनगर जिले के हुजूराबाद से इफर विधायक पादी कौशिक रेड्डी अपने विवादित बयान की वजह से बवाल में फंस गए। विधायक ने करिमनगर के पुलिस कमिश्नर गौश आलम के खिलाफ बिना किसी ठोस आधार के आरोप लगाते हुए उनकी धर्म पहचान का जिक्र किया। इस पर तेलंगाना आईपीएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने उन्हें बेसिर और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने के लिए माफी मांगने को कहा। अक्टक्ट अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने विधायक के बयान को इस्लाम विरोधी भाषण करार दिया और कहा कि सार्वजनिक अधिकारियों के कर्तव्यों को साम्प्रदायिक और राजनीतिक रंग देना पूरी तरह अस्वीकार्य है।

22 देशों के विदेश मंत्री लेंगे हिस्सा

## गाजा पुनर्निर्माण से शांति तक: भारत-अरब लीग सम्मेलन आज



**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त में बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी पैड दिए जाएं। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मेंस्ट्रुअल हेल्थ यानी मासिक धर्म स्वास्थ्य के अधिकार के तहत संविधान में दिए गए जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है।स्कूली बच्चियों के स्वास्थ्य से जुड़े आदेश पर अदालत ने कहा है कि अगर सरकारें स्कूली छात्राओं को टॉयलेट और मुफ्त सैनेटरी पैड देने में फेल होती हैं, तो उन्हें भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। वरिष्ठ न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने पर यह आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अगर प्राइवेट स्कूल लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग शौचालय और सैनेटरी पैड देने में फेल होते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने कहा, 'मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अगर प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं देने में विफल रहते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।'

### अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने के निर्देश

इसी के साथ अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सभी स्कूलों में दिव्यांगों के लिए अनुकूल शौचालय उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है। वहीं सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूलों में महिला और पुरुष छात्रों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । बता दें कि शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की किशोर छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में केंद्र सरकार की 'स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता नीति' को पूरे भारत में लागू करने की मांग की गई।

## फडणवीस बोले- मैं उपमुख्यमंत्री पद के लिए ,एनसीपी और पवार परिवार के फैसले का समर्थन करूंगा

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चचाओं के बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भाजपा दिवंगत अजित पवार के परिवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय का समर्थन करेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा, ह्यएनसीपी उपमुख्यमंत्री पद के लिए जो भी फैसला लेगी, सरकार और भाजपा उस फैसले का समर्थन करेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि हम अजित दादा के परिवार और एनसीपी के साथ खड़े हैं। इस सवाल पर कि क्या एनसीपी की ओर से कोई प्रस्ताव आया है, इस पर फडणवीस ने कहा कि एनसीपी नेताओं ने विकल्पों पर उनसे दो बार चर्चा की है। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से इस पर गौर करूंगा और संबंधित प्रक्रियाओं को पूरा करूंगा, और अंत में हम तय करेंगे कि क्या करना है। एनसीपी के सूत्रों ने बताया कि राज्यसभा सदस्य एवं दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं। वित्त मंत्रालय का प्रभार अजित पवार के पास था और ऐसे में बजट कौन पेश करेगा, इस सवाल पर फडणवीस ने कहा कि अजित पवार ने बजट की काफी तैयारी कर ली थी। एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि सुनेत्रा को उप मुख्यमंत्री बनाने को लेकर मुख्यमंत्री फडणवीस से बात की है। पटेल के नेतृत्व में छगन भुजबल, प्रदेश एनसीपी इकाई के अध्यक्ष सुनील तटकरे और पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। सीएम से मुलाकात के बाद भुजबल ने स्पष्ट कहा कि सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाना हमारी प्राथमिकता है। शनिवार को विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अगर एनसीपी इस बारे में फैसला लेती है, तो उन्हें सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री के तौर पर शनिवार को ही शपथ दिलाने में कोई दिक्कत नहीं है।सुनेत्रा पवार फिलहाल महाराष्ट्र विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। वह राज्यसभा की सदस्य हैं।






30.1.26_1.09.25 Final.qxd 31-01-2026 08:52 Page 2



# रामपुर में मनरेगा से संचालित योजना में चयनित एक महिला की उपस्थिति के बदले चार महिलाओं की उपस्थिति की गई दर्ज

**मनरेगा में ऑनलाइन हाजिरी के बावजूद सेंधमारी जारी, मास्टर रोल से छेड़छाड़ का गंभीर आरोप**

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत संचालित योजनाओं में मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने और मास्टर रोल में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी का मामला लगातार सामने आ रहा है। सरकार द्वारा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर सेंधमारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में प्रखंड के कतीकनार गांव में ऐसा ही मामला उजागर हुआ था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मियों के हौसले और बढ़ गए हैं।ताजा मामला



प्रखंड के ग्राम पंचायत रामपुर से जुड़ा है, जहां अनुमोदित मनरेगा योजना में खुलेआम नियमों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्राम पंचायत रामपुर की योजना संख्या 20575946 के अंतर्गत जयरामपुर पुल से सुगनी यादव के डेरा तक मिट्टी कटाई कार्य कराया जा रहा है। इस योजना से संबंधित मास्टर रोल संख्या 2216 में केवल एक महिला मजदूर का नाम दर्ज है, लेकिन 20 जनवरी को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करते समय एक महिला के स्थान पर चार महिलाओं तथा नौ पुरुष मजदूरों के स्थान पर पांच पुरुषों की उपस्थिति का फोटो विभागीय पोर्टल पर दर्ज कर दी गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि गहनता से जांच की जाए तो ऐसे दर्जनों मास्टर रोल सामने आ सकते हैं, जिनमें इसी तरह की हेराफेरी की गई है। आरोप है कि पूर्व में भी कई योजनाओं में फर्जी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर मजदूरों के नाम पर राशि की निकासी की गई है। यह न केवल मजदूरों के हक पर डाका है, बल्कि सरकारी राशि के दुरुपयोग का भी गंभीर मामला है।गौरतलब है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार रोकने के उद्देश्य से सरकार ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की थी, ताकि जितने मजदूर कार्यस्थल पर काम करें, उसी के अनुसार मास्टर रोल बने और भुगतान हो। इसके बावजूद इस तरह की गड़बड़ी सामने आना व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े करता है।इस संबंध में कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा गौरव कुमार ने बताया कि यदि इस प्रकार का मामला सामने आता है और जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सवाल यह है कि इतनी कड़ी मॉनिटरिंग और तकनीकी व्यवस्था के बावजूद यह सेंधमारी कैसे हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसमें कहीं न कहीं कर्मियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और दोषियों पर कब तक कार्रवाई होती है। फिलहाल मनरेगा में पारदर्शिता के दावों पर यह मामला बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।

# सड़क पर दौड़ी सुरक्षा की सीख, बक्सर में मिनी मैराथन बना जागरूकता का मंच

**केटी न्यूज/बक्सर**

सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बक्सर में एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। खेल विभाग, बिहार सरकार एवं परिवहन विभाग बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर ह्लसड़क सुरक्षा अभियान सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तनह्व थीम पर मिनी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह जागरूकता दौड़ किला मैदान, बक्सर से प्रारंभ होकर विश्वामित्र मार्ग, चरित्रवन मोड़ होते हुए हनुमान मंदिर के पास स्थित डीआरसीसी, बक्सर में संपन्न हुई। मैराथन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन न सिर्फ जरूरी है, बल्कि यह जीवन रक्षा का सबसे सशक्त माध्यम भी है।

-- जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी, दौड़ी जागरूकता की लहर

मिनी मैराथन को जिलाधिकारी साहिला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक



सीमित नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदार नागरिक होने की पहचान है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करें।

**अधिकारियों और मीडिया की रही सक्रिय भागीदारी**

इस अवसर पर अपर समाहर्ता बक्सर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। खास बात यह रही कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी मैराथन में भाग लेकर सड़क सुरक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाई।

**हर्षोल्लास के साथ दौड़ी सुरक्षा की मुहिम**

मिनी मैराथन में शामिल प्रतिभागियों और अधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग में ह्लसड़क सुरक्षित तो जीवन सुरक्षितह्व जैसे नारों के साथ वातावरण जागरूकता से सराबोर रहा। आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब प्रशासन और समाज एक साथ कदम बढ़ाते हैं, तो बदलाव की रफ्तार तेज हो जाती है।

# घर की चारदीवारी में खून : घरेलू कलह ने ली महिला की जान, बचाने गईं दो महिलाएं गंभीर



**औद्योगिक थाना क्षेत्र के परसिया गांव में पति बना कातिल, घरेलू हिंसा पर फिर उठे सवाल**

**केटी न्यूज/बक्सर**

औद्योगिक थाना क्षेत्र के परसिया गांव में शुक्रवार की दोपहर एक और महिला घरेलू हिंसा की भेंट चढ़ गई। पति-पत्नी के बीच हुआ मामूली घरेलू विवाद देखते ही देखते इतना भयावह रूप ले गया कि पति ने पत्नी की जान ले ली। यह घटना सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि समाज के भीतर पनप रही उस हिंसा की तस्वीर है, जो अक्सर घर की चारदीवारी में दबकर रह जाती है। परसिया गांव निवासी सरवन राम और उसकी पत्नी रेखा देवी उम्र 35 वर्ष के बीच किसी घरेलू बात को लेकर कहासुनी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान सरवन राम आपा खो बैठा और गुस्से में आकर उसने घर में पड़ी खाट की लकड़ी से पत्नी पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई।

**बचाने गईं महिलाएं भी बनीं हिंसा का शिकार**

घटना यहीं नहीं रुकी। घर से उठती चीख-पुकार सुनकर परिवार की अन्य महिलाएं बीच-बचाव के लिए दौड़ीं। सरवन राम के भाई की पत्नी डिंपल देवी (30 वर्ष) और एक अन्य रिश्ते की बहन ने झगड़ा शांत कराने की कोशिश की, लेकिन गुस्से में अंधे हो चुके आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। डिंपल देवी को गंभीर चोटें आईं और उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

## एक पल में उजड़ गया परिवार

रेखा देवी की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और सवाल उठा रहे हैं कि आखिर घरेलू विवाद इतने खतरनाक मोड़ तक क्यों पहुंच रहे हैं।

## आरोपी फरार, पुलिस दबिश में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि घटना के बाद से आरोपी पति फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## घरेलू हिंसा कानून के बावजूद नहीं थम रही घटनाएं

यह घटना एक बार फिर घरेलू हिंसा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। कानून, जागरूकता और सामाजिक अभियान होने के बावजूद ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि घरेलू हिंसा को ह्लनिजी मामलाह्व समझकर नजरअंदाज करना ही ऐसी त्रासदियों की सबसे बड़ी वजह है।

पुलिस का कहना है कि मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि क्या एक और मौत के बाद समाज और सिस्टम जागेगा।

# सफलता की कहानी : लोक शिकायत के बाद घर पहुंचा नल-जल का पानी

सफलता की कहानी : लोक शिकायत के बाद घर पहुंचा नल-जल का पानी

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर प्रखंड अंतर्गत बड़कागांव निवासी भगवान मिश्रा के लिए लोक शिकायत निवारण प्रणाली उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। लंबे समय से अपने घर में नल-जल का पानी नहीं आने से परेशान परिवादी ने लोक शिकायत अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई, जिसका सकारात्मक और त्वरित परिणाम अब सामने आया है।

परिवादी भगवान मिश्रा, पिता तारकेश्वर मिश्रा, ग्राम बड़कागांव, पोस्ट मानसिंहपट्टी, प्रखंड व अनुमंडल बक्सर, जिला बक्सर द्वारा इस आशय का परिवाद दायर किया गया था कि उनके घर में नल-जल योजना के अंतर्गत जलापूर्ति नहीं हो रही है। परिवाद की अनन्य संख्या



430110120122506866 दर्ज होते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक प्राधिकार कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, बक्सर को नोटिस निर्गत कर प्रतिवेदन की मांग की गई।

लोक प्राधिकार द्वारा दिए गए प्रतिवेदन में बताया गया कि शिकायत प्राप्त होने के उपरांत संबंधित स्थल की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। तकनीकी सुधार एवं व्यवस्था दुरुस्त किए जाने के बाद अब परिवादी के घर में नल-जल योजना के तहत जलापूर्ति सुचारू रूप से प्रारंभ कर दी गई है।

इस मामले की सुनवाई के दौरान स्वयं परिवादी श्री भगवान मिश्रा उपस्थित हुए और एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। अपने आवेदन में उन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि बीते एक सप्ताह से उनके घर में नियमित रूप से नल-जल की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने इस त्वरित समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं लोक शिकायत निवारण अधिनियम के प्रति आभार व्यक्त किया।

यह मामला न केवल प्रशासनिक संवेदनशीलता का उदाहरण है, बल्कि आम नागरिकों के लिए यह संदेश भी देता है कि लोक शिकायत निवारण मंच के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान संभव है। यह सफलता की कहानी सरकारी

## महज 200 रूपए के लिए मैकेनिक की पिटाई, लूट का भी लगाया आरोप

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

कृष्णाब्रह्म बाजार में मामूली रकम को लेकर हुआ विवाद अचानक गंभीर आपराधिक घटना में बदल गया। बाइक रिपेयर के मात्र 200 रूपए के अंतर ने एक मेहनतकश मैकेनिक को अस्पताल पहुंचा दिया और बाजार में दहशत का माहौल पैदा कर दिया।

पीड़ित बाइक मैकेनिक सह पार्ट्स दुकानदार मो. डब्लू के अनुसार एक युवक बाइक मरम्मत के लिए उनकी दुकान पर आया था। बाइक ठीक होने के बाद जब 600 की मजदूरी मांगी गई, तो युवक ने 400 से अधिक देने से इनकार करते हुए धमकी दी और चला गया। मामला वहीं शांत हो गया, लेकिन अगले दिन यह विवाद हिंसक रूप ले बैठा।

सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलकर साफ-सफाई कर रहे थे, तभी वही युवक 8 से 10 अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचा और अचानक हमला कर दिया। लाठी-डंडों से की गई मारपीट में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गए। इतना ही नहीं, हमलावर दुकान के काउंटर में रखे करीब 8 हजार नकद रूपए लेकर फरार हो गए। घायल दुकानदार के बयान पर कृष्णाब्रह्म थाना में भरत पांव गांव निवासी मिथिलेश यादव सहित 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मैथन मेनिया रेसलिंग में बिहार के लाल का जलवा, कोनौली के रूद्र राहुल बने टैग टीम चैंपियन



**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के खीरी पंचायत अंतर्गत कोनौली गांव के रहने वाले रूद्र राहुल कुशवाहा ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। झारखंड के धनबाद में 25 जनवरी को आयोजित मैथन मेनिया रेसलिंग चैंपियनशिप में उन्होंने टैग टीम वर्ग का खिताब जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इस प्रतिष्ठित रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन विश्व प्रसिद्ध रेसलर द ग्रेट खली के नेतृत्व में किया गया था।

इस चैंपियनशिप में देश-विदेश के नामचीन रेसलिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने रिंग में उतरकर अपने दमखम का प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। रूद्र राहुल कुशवाहा ने शानदार रणनीति, ताकत और तकनीक का परिचय देते हुए यूके के चर्चित रेसलर पार्कर बोरडॉक्स की टीम को हराकर टैग टीम चैंपियनशिप अपने नाम की।

यह पहली बार नहीं है जब रूद्र राहुल ने सफलता का परचम लहराया हो। इससे पहले वे खली डू स्टेट चैंपियनशिप और नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप जैसे बड़े खिताब भी जीत चुके हैं। रेसलिंग के साथ-साथ वे मिक्स्ड मार्शल आर्ट के भी खिलाड़ी हैं और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगातार हिस्सा लेते रहे हैं।

पिछले एक वर्ष से रूद्र राहुल, द ग्रेट खली की कॉन्टिनेंटल रेसलिंग एंटरटेनमेंट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जहां उनकी प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोचों द्वारा निखारा जा रहा है।

इस उपलब्धि पर उनके पिता वंश नारायण सिंह, संजय सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता श्याम कुमार सिंह, पूर्व मुखिया मकरध्वज सिंह विद्रोही, शिक्षक धनंजय मिश्र सहित अन्य समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिक्षक पर जानलेवा हमला, पुलिस की त्वरित कार्रवाई में दो गिरफ्तार

**मध्य विद्यालय रजडीहा की है घटना, घटना के बाद शिक्षकों में है गहरा आक्रोश**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड के मध्य विद्यालय रजडीहा में पदस्थापित शिक्षक जलालुद्दीन अंसारी पर गांव के ही दो युवकों ने स्कूल परिसर में घुस जानलेवा हमला किया है। इस मामले में पीड़ित शिक्षक द्वारा डुमरांव थाने में लिखित शिकायत की गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रजडीहा गांव निवासी झब्बू तिवारी पिता चुनमुन तिवारी व अरबाज खान पिता अख्तर अंसारी के रूप में हुई है। डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है।

बता दें कि गुरूवार को शिक्षक जलालुद्दीन विद्यालय में छात्रों को पढ़ा रहे थे, इसी दौरान उक्त दोनों मनचले टाइप युवक स्कूल परिसर पहुंच पठन-पाठन कार्य में बाधा पहुंचा रहे थे। शिक्षक द्वारा मना करने पर दोनों ने मिलकर शिक्षक पर हमला कर दिया। इस घटना में शिक्षक का सर फट गया तथा शरीर के अन्य हिस्सो में चोटे आई। जिसके बाद शिक्षक ने इसकी लिखित शिकायत डुमरांव पुलिस से की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# महर्षि विश्वामित्र खेल महोत्सव-2026 : दूसरे दिन मैदान बना रोमांच, खो-खो में बक्सर का दबदबा

**अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में शानदार जीत, एथलेटिक्स सेमीफाइनल में दिखा खिलाड़ियों का जज्बा**

**केटी न्यूज/बक्सर**

महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के खेल मैदान पर आयोजित महर्षि विश्वामित्र वार्षिक खेलकूद महोत्सव-2026 का दूसरा दिन रोमांच, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। सुबह से लेकर शाम तक मैदान तालियों की गड़गड़ाहट, खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों के जोश से गूंजता रहा। इस दिन जहां अंतर-



महाविद्यालय पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ, वहीं महाविद्यालय स्तरीय खेलों के सेमीफाइनल मुकाबलों ने खेल प्रेमियों को बांधे रखा।

**खो-खो में मेजबान का जलवा, ट्रॉफी बक्सर के नाम**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालय पुरुष खो-खो प्रतियोगिता (शैक्षणिक सत्र 2025-26) के फाइनल मुकाबले में महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर की टीम ने शानदार तालमेल, तेज रफ्तार और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में डी.के. कॉलेज, डुमरांव की टीम ने कड़ी चुनौती दी और उपविजेता रही। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना से दर्शकों का दिल जीत लिया।

**खेलों के महत्व पर दिया गया जोर**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आनंद भूषण पाण्डेय का स्वागत प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कृष्णा कान्त सिंह ने अंगवस्त्र व मोमेंटो से किया। इसके बाद क्रीड़ा सचिव डॉ. अवनीश कुमार पाण्डेय ने विधिवत उद्घोषणा की। राष्ट्रगान, खिलाड़ियों की शपथ और अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय के पश्चात नारियल फोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

अपने संबोधन में डॉ. आनंद भूषण पाण्डेय ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक सुदृढ़ता बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना का भी विकास करते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) सुभाष चन्द्र पाठक ने खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला बताया।

**एथलेटिक्स सेमीफाइनल में दिखी रफ्तार और ताकत**

दूसरे दिन महाविद्यालय स्तरीय खेलों में ऊंची कूद, लंबी कूद (महिला/पुरुष), गोला फेंक (महिला/पुरुष), बैडमिंटन (महिला/पुरुष) तथा 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़ के सेमीफाइनल मुकाबले आयोजित हुए। हर इवेंट में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया और फाइनल में जगह बनाने के लिए पूरा जोर लगाया।

**समापन आज, विजेताओं को मिलेगा सम्मान**

आयोजक सह-प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कृष्णा कान्त सिंह ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, निर्णायक मंडल और छात्र स्वयंसेवकों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि तीसरे दिन फाइनल मुकाबलों के साथ समापन सत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा, जहां उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।



30.1.26_1.09.25 Final.qxd 31-01-2026 08:52 Page 3



## 02 से 13 फरवरी तक दो पालियों में होगी परीक्षा, जूता-मोजा प्रतिबंधित

# इंटर परीक्षा 2026 को लेकर प्रशासन सख्त, कदाचार पर जीरो टॉलरेंस

- देरी या जबरन प्रवेश पर एफआईआर, डीएम एसपी ने किया संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग




**केटी न्यूज/बक्सर**

इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा 2026 को स्वच्छ, शान्तिपूर्ण और कदाचारमुक्त ढंग से संपन्न कराने के लिए बक्सर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला दंडाधिकारी साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य की संयुक्त अध्यक्षता में परीक्षा से जुड़े सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों की विस्तृत ब्रीफिंग की गई। बैठक में परीक्षा संचालन, विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और कदाचार रोकने को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिला प्रशासन ने बताया कि इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 02 फरवरी से प्रारंभ होकर 13 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक संचालित होगी।

बक्सर अनुमंडल में कुल 22 एवं डुमरांव अनुमंडल में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 24,302 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि किसी भी परीक्षार्थी को जूता-मोजा पहनकर परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों को परीक्षा से वंचित होना पड़ेगा।

प्रशासन ने परीक्षार्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सख्त हिदायत दी है। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्रों पर प्रवेश प्रारंभ होगा, जबकि परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं मिलेगा। यदि कोई परीक्षार्थी देर से पहुंचकर दीवार फांदने या जबरन प्रवेश करने का प्रयास करता है तो उसे आपराधिक अतिक्रमण (क्रिमिनल ट्रेसपास) मानते हुए परीक्षा से निष्कासित कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

डीएम ने कहा कि यदि किसी केंद्राधीक्षक द्वारा नियमों के विरुद्ध ऐसे परीक्षार्थी को बैठने की अनुमति दी जाती है तो संबंधित केंद्राधीक्षक एवं अन्य दोषी कर्मियों पर भी निलंबन और एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा केंद्रों पर दो स्तरों पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) की व्यवस्था की गई है। प्रवेश द्वार पर पुलिस बल एवं दंडाधिकारी द्वारा तथा परीक्षा कक्ष में वीक्षकों द्वारा प्रत्येक परीक्षार्थी की जांच की जाएगी। महिला परीक्षार्थियों के लिए महिला वीक्षक एवं महिला केंद्राधीक्षक की तैनाती अनिवार्य की गई है।

मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, पेजर, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, इरेजर सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्र परिसर में मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है।

प्रशासन ने बक्सर अनुमंडल में चार तथा डुमरांव अनुमंडल में दो जोन बनाए हैं। प्रत्येक जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भ्रमणशील रहेंगे और हर पाली में निरीक्षण कर उसी दिन रिपोर्ट जिला गोपनीय शाखा को भेजेंगे। इसके अलावा प्रति 500 परीक्षार्थियों पर एक वीडियोग्राफर की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए समाहरणालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06183-223333 है। वहीं परीक्षा तिथियों पर होटल, लॉज एवं परीक्षार्थियों के ठहरने के संभावित स्थानों पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने, बिजली आपूर्ति निर्बाध रखने, अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर भी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर अफवाहों और आपत्तिजनक टिप्पणियों पर नजर रखने के लिए साइबर थाना और साइबर सेनानी व्हाट्सएप ग्रुप को सक्रिय रखा जाएगा।

जिला प्रशासन ने दो टूक कहा है कि इंटर परीक्षा में किसी भी प्रकार का कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन हर स्तर पर सख्ती बरतेगा और नियम तोड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

## शिक्षा की गुणवत्ता और संस्कारों पर मंथन : अहिरौली में जुटेंगे 300 से अधिक आचार्य

**बक्सर।** शिक्षा में गुणवत्ता, संस्कार और समग्र विकास को लेकर तीन दिवसीय भोजपुर विभागीय आचार्य सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार से सरस्वती विद्या मंदिर, अहिरौली में हो रहा है। यह सम्मेलन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के अंतर्गत संचालित भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जो 2 फरवरी तक चलेगा।

सम्मेलन में भोजपुर और बक्सर जिले में संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों एवं सरस्वती विद्या मंदिरों से जुड़े लगभग 300 से अधिक आचार्य एवं शिक्षाविद भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आने वाले सत्र की रूपरेखा तय करना है, ताकि विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित बनाया जा सके।

आयोजन समिति के अनुसार, इस सम्मेलन के दौरान बालक विकास, आचार्य विकास, विद्यालय विकास तथा अभिभावक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श होगा। विभिन्न सत्रों में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विद्वान अपने अनुभव साझा करेंगे और बदलते समय के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों पर मार्गदर्शन देंगे।

सम्मेलन में विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मार्गदर्शक उपस्थित रहेंगे। इनके द्वारा शैक्षिक नवाचार, नैतिक मूल्यों और संस्कार आधारित शिक्षा को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आवास, भोजन, सत्र संचालन और अनुशासन से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। आयोजकों का विश्वास है कि यह आचार्य सम्मेलन न केवल शिक्षकों को नई दिशा देगा, बल्कि विद्यालयों के समग्र विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा।

## कृष्णाब्रह्म में शराब की खेप के साथ पकड़ाई महिला तस्कर

**कृष्णाब्रह्म।** शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस ने एक बार फिर सख्त संदेश दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई में नोनियापुरा गांव से विदेशी शराब की तस्करी में संलिप्त एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने महिला के घर से कुल 14.625 लीटर विदेशी शराब बरामद की, जिसे बिक्री के उद्देश्य से रखा गया था। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि इलाके में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिलते ही टीम गठित कर गुरुवार को छापेमारी की गई। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि हुई और मौके से पूनम देवी को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामदगी के बाद महिला के खिलाफ स्थानीय थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई से गांव में चल रहे अवैध नेटवर्क पर प्रभाव पड़ेगा और अन्य तस्करों में भी भय का माहौल बनेगा। शुक्रवार को आरोपी महिला को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## पंचायत समिति बैठक में योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों की जवाबदेही पर जोर



**केटी न्यूज/नावानगर**

प्रखंड मुख्यालय स्थित भीमराव अंबेडकर सभाकक्ष में शुक्रवार को पंचायत समिति की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के समग्र विकास, सरकारी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अंकित यदुवंशी ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सूरज कुमार द्वारा किया गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य, सभी पंचायतों के मुखिया, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सड़क, सामाजिक सुरक्षा सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन, लाभुकों के चयन और समयबद्ध भुगतान को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक के दौरान प्रशासनिक कार्यप्रणाली और कार्यालयीन व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारियों की नियमित उपस्थिति और आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान विकास की पहली शर्त है। इसी क्रम में अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय की कमी का मुद्दा भी उठा, जिस पर सुधार की आवश्यकता जताई गई। विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने विकसित भारत जी राम जी योजना सहित अन्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में पंचायत समिति की कई विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई, जिससे प्रखंड क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई। कुछ विभागीय पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी जनप्रतिनिधियों ने सवाल खड़े किए और कहा कि बिना सूचना बैठक से अनुपस्थित रहना अनुशासनहीनता को दर्शाता है। इस पर प्रखंड प्रमुख ने स्पष्ट किया कि आगे ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## निर्माण एजेंसी की लापरवाही बन रही जानलेवा, चौसा ओवरब्रिज के पास एक हफ्ते में तीसरा ट्रक हादसे का शिकार

- जन शिकायत डायरी से लेकर वारंट निष्पादन तक मिली भारी खामियां, एक सप्ताह में सुधार का अल्टीमेटम



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा में निमार्णाधीन ओवरब्रिज के आसपास बदहाल सड़क अब आम लोगों के लिए खतरे की घंटी बन चुकी है। एक सप्ताह के भीतर इसी स्थान पर तीसरी बार ट्रक पलटने की घटना सामने आने के बाद निर्माण एजेंसी और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश से ईंट लादकर आ रहा एक भारी ट्रक जर्जर सड़क पर संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे पलट गया। संयोग अच्छा रहा कि चालक को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन हादसे के बाद काफी देर तक यातायात बाधित रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज निर्माण के कारण सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है। जगह-जगह गड्ढे, धंसी हुई सड़क और उखड़ी परत के कारण भारी वाहनों का गुजरना जोखिम भरा हो गया है। इससे पहले इसी सप्ताह मार्बल से लदा ट्रक और फिर मैदा से भरा ट्रक भी यहीं दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। लगातार हो रहे हादसों से लोगों में आक्रोश है और वे इसे सीधी लापरवाही मान रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ईंट लदा ट्रक जैसे ही ओवरब्रिज के समीप पहुंचा, सड़क के एक कमजोर हिस्से में पहिया फिसल गया। अचानक हुए संतुलन बिगड़ने से ट्रक पलट गया। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने चालक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित किया। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने मांग की है कि ओवरब्रिज निर्माण पूरा होने तक सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए और चेतावनी बोर्ड व बैरिकेडिंग लगाई जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है तथा निर्माण कंपनी को सड़क दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## बक्सर में यातायात सुधार को लेकर बड़ा एक्शन प्लान, डीएम-एसपी ने की संयुक्त बैठक

- रेलवे गुमटी से लेकर ई-रिक्शा रूट, अतिक्रमण और सघन वाहन जांच तक, डीएम-एसपी ने दिए सख्त निर्देश



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था और जाम की गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। जिलाधिकारी साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण यातायात प्रबंधन बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले भर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई अहम और सख्त फैसले लिए गए।

### इटाढ़ी रेलवे गुमटी बनी जाम की बड़ी वजह

बैठक में इटाढ़ी रेलवे गुमटी को लेकर विशेष चिंता जताई गई। जिलाधिकारी ने आरपीएफ प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि रेलवे के साथ समन्वय स्थापित कर गुमटी को न्यूनतम समय के लिए ही बंद रखा जाए। रैक सेटिंग के दौरान अत्यधिक समय लगने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस प्रक्रिया में समय कम करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।

इसके साथ ही स्टेशन और गुमटी के आसपास रेलवे भूमि पर किए गए अतिक्रमण को अविलंब हटाने का निर्देश भी दिया गया।

### बक्सर स्टेशन पर ई-रिक्शा संचालन होगा व्यवस्थित

जिलाधिकारी ने बक्सर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ई-रिक्शा के अनियंत्रित संचालन पर सख्त रुख अपनाते हुए एक विस्तृत रूट चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य शहर में यातायात को सुचारू बनाना और यात्रियों को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवागमन सुविधा देना है।

### रेलवे गुमटी जाम से निजात के लिए अतिरिक्त बल

यातायात उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया कि बक्सर, चौसा और डुमरांव रेलवे गुमटी पर लगने वाले जाम से निजात के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

### सीट बेल्ट-हेलमेट जांच में सख्ती

जिलाधिकारी ने ह्यरोको-टोको अभियानह्ल के तहत नियमित रूप से सीट बेल्ट, हेलमेट और अन्य यातायात नियमों की सघन जांच करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन किए गए फाइन की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा गया।

पुलिस अधीक्षक ने बगेन गोला, सिमरी और सिकरौल थाना क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा वाहन जांच कर नियमानुसार जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया।

### नगर क्षेत्र में अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर एक्शन

सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नगर क्षेत्र की सड़कों पर उजला और पीले रंग का मार्किंग कराया जाए तथा तय सीमा के भीतर ही दुकानें लगाने को सुनिश्चित किया जाए। निदेर्शों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

इसके अलावा सड़कों के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाकर यातायात को निर्बाध बनाने के निर्देश भी दिए गए।

### नो एंट्री उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

नगर क्षेत्र में नो एंट्री साइनेज लगाने और उसके उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ माइकिंग कर कार्रवाई करने के निर्देश भी प्रशासन ने दिए।

### चौक-चौराहों पर तैनात होगा ट्रैफिक बल

यातायात उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया कि शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात संचालन के लिए पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही परिवहन विभाग के साथ समन्वय कर प्रतिदिन वाहन और परमिट जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया।

### सड़कों पर साइनेज और मरम्मत कार्य में तेजी

पथ निर्माण से जुड़े सभी कार्यपालक अभियंताओं को ट्रैफिक नियमों से संबंधित साइनेज लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं एनएच-120 के कार्यपालक अभियंता को डुमरांव बाजार पथ की मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराने का आदेश दिया गया।

### कई विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में अपर समाहर्ता बक्सर, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव, पुलिस एवं यातायात उपाधीक्षक, एनएचएआई, पथ निर्माण व ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता, नगर परिषद बक्सर-डुमरांव, इटाढ़ी, चौसा, ब्रह्मपुर के नगर निकाय पदाधिकारी तथा रेलवे के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।